Title: Demand to provide compensation to the families of persons who died/injured in police firing in village Maikan, Distt. Raigardha, Orissa.

श्रीमती हेमा गमांग (कोरापुट) : मेरे संसदीय क्षेत्र के गांव माइकन, जिला रायगढ़ा, उड़ीसा में 16 दिसम्बर को एक दुखद घटना घटी है जिसमें पुलिस फायरिंग से तीन स्थानीय आदिवासियों की मृत्यु हो गई और 41 लोग घायल हुए हैं। मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से मांग करती हूं कि किस कारण 19 राउंड फायरिंग किया गया जिससे 41 लोग घायल हुए और तीन लोगों की मृत्यु हुई। â€¦(व्यवधान)उस क्षेत्र में प्रस्तावित ऐल्यूमिनियम प्लांट है जो निर्धारित क्षेत्र में है।

क्या इस निर्धारित क्षेत्र में उद्योग नीति लागू की गई है ? क्या सरकार द्वारा इस घटना की जांच कराई गई है ? उपचार हेतु क्या उपाय सुझाए गए हैं ? नैल्को भारत सरकार के अधीन एक एल्यूमीनियम प्लांट है और प्रस्तावित हिण्डामक इंडाल्को और एल. एंड टी. से 20 किलोमीटर दूरी पर है। नाल्को विस्तार योजना प्रगति पर है। इसलिए इस क्षेत्र के प्रभावित स्थानीय आदिवासियों की मनोभावना को ध्यान में रखना आवश्यक है। मैं भारत सरकार से मांग करती हूं कि जो 41 लोग घायल हुए हैं, उनको एक-एक लाख रुपया मुआवजा दिया जाए और मृतकों के परिवार वालों को पांच लाख रुपए मुआवजा तथा परिवार के सदस्य को नौकरी पर लिया जाए।